16/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वैज्ञानिकों को उपज बढ़ाने के लिए किसानों से सीधे संपर्क करना चाहिए। श्री चौहान ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के छियानवें स्थापना दिवस के उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने सहित सरकार के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिकों, विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों और कृषि विज्ञान केंद्रों से जुडे सभी लोगों को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। श्री चौहान ने कहा कि आज भी देश की आधी आबादी अपनी जीविका चलाने के लिए कृषि पर निर्भर है और कृषि सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता का क्षेत्र है।

0000000000000000000

राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने आज पुलिस मुख्यालय का पहला दौरा किया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। पीएचक्यू के कॉन्फ्रेंस हॉल में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से पुलिस कर्मियों और आम जनता के बीच मजबूत संबंध विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को नशीली दवाओं के मुद्दे पर प्रवर्तन, रोकथाम और जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्देश दिया।

यात्रा के दौरान, श्री नातुंग ने पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों को विभिन्न बैंकिंग सेवा लाभ प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक और अरुणाचल प्रदेश पुलिस के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले उनके आगमन पर गृह मंत्री का स्वागत डीजीपी आनंद मोहन ने किया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

0000000000000000000

अपर सियांग जिले के एक अधिकारी ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अधिकारियों की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि सभी को राहत देने के लिए, विशेष रूप से टुटिंग क्षेत्र के निवासियों के लिए, 17 दिनों के बाद आज से दिते दिम्मे-मिगिंग सड़क को सभी यातायात आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर भारी भूस्खलन के बाद उनतीस जून से उक्त सड़क अवरुद्ध थी। इस बीच, बीआरओ के सूत्रों ने कहा कि 105 आरसीसी के area of responsibility के तहत सभी सड़कें सभी वाहनों के लिए 'हरित' हैं।

0000000000000000000

राज्य में ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रगति, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करने के उद्देश्य से, मंत्री पसांग दोरजी सोना के नेतृत्व में ग्रामीण कार्य विभाग ने सोमवार को प्रमुख हितधारकों को शामिल करते हुए ईटानगर में अपनी पहली समीक्षा और समन्वय बैठक आयोजित की।

बैठक को संबोधित करते हुए, मंत्री ने निर्बाध और त्वरित सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए ई-ऑफिस के कार्यान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने सभी प्रभागों से निर्बाध और त्वरित सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए ई-ऑफिस का कार्यान्वयन शुरू करने को कहा। श्री सोना ने कहा "देनदारियों पर काबू पाना हमारी पहली और सबसे महत्वपूर्ण परियोजना होगी। हम केंद्र प्रायोजित योजनाओं की खोज पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने सभी इंजीनियरों और अधिकारियों से रिपोर्ट सौंपने में सावधानी बरतने को भी कहा।

0000000000000000000

राज्य सूचना आयुक्त खोपे थाले ने तेजू और हायूलियांग के बीच एनएच-113 खंड पर मोमपानी में हाल ही में हुए भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करने के लिए अपने गृह जिले अंजाव का दौरा किया। पिछले कुछ दिनों में लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण सड़क पूरी तरह से बह गई, जिससे क्षेत्र में सतही संचार बाधित हो गया। फिलहाल, सीमावर्ती जिला बाकी दुनिया से कटा हुआ है और वाहनों की आवाजाही की अनुमति देने के लिए फॉर्मेशन कटिंग जारी है।

0000000000000000000

महिला एवं बाल विकास विभाग और पापुम पारे जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बालिजान में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना के तहत बेटी जन्मोत्सव मनाया।

सभा को संबोधित करते हुए, जिला आईसीडीएस सेल की उप निदेशक जया ताबा ने बीबीबीपी योजना के तहत विभिन्न कार्यक्रमों और उनके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिला प्रतिभागियों को महिला केंद्रित केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। यह जानकारी देते हुए कि केंद्र ने विशेष रूप से बालिकाओं को बचाने और उन्हें शिक्षित करने के लिए बीबीबीपी योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि महिलाओं या बालिकाओं के खिलाफ किसी भी रूप में हिंसा बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए, यहां तक कि परिवार के भीतर भी। उन्होंने कहा कि पुलिस और अन्य एजेंसियों को पीड़ितों की सुरक्षा और मदद करने का दायित्व दिया गया है।

0000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय (आरजीयू) ने पीएचडी कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले सैतीस विभागों और संस्थानों में फैली दो सौ तिरपन सीटों पर प्रवेश के लिए 13 से 15 जुलाई तक अपनी पीएचडी प्रवेश परीक्षा (आरजीयूपीईटी), 2024 का 'सफलतापूर्वक' आयोजन किया है। आरजीयू के कुलपति प्रोफेसर साकेत कुशवाह ने बताया कि पचपन दशमलव तीन-आठ प्रतिशत उम्मीदवार लिखित प्रवेश परीक्षा में उपस्थित हुए हैं क्योंकि अधिकांश पात्र उम्मीदवारों को अपनी नेट और एसएलईटी योग्यता के साथ लिखित परीक्षा में बैठने से छूट मिली है। वीसी ने आगे बताया कि आरजीयू जल्द ही पीजी, यूजी और डिप्लोमा कार्यक्रमों सहित वर्तमान सत्र से आरजीयू में शुरू किए जा रहे विभिन्न नए कार्यक्रमों में 200 से अधिक सीटों पर प्रवेश के लिए आरजीयूसीईटी के दूसरे चरण का आयोजन करेगा।0000000000000000000